प्रदेश में पशुपालन विभाग में 5 साल बाद होगी भर्ती

383 पशु चिकित्सकों की भर्ती होगी, एचपीएससी को सिफारिश भेजी गई

भास्कर न्यूज | राजधानी हरियाणा

प्रदेश में पशु चिकित्सकों (वेटेरीनरी डॉक्टर) के सभी रिक्त पद भरे जाएंगे। इसे लेकर पशुपालन विभाग ने हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन (एचपीएससी) को प्रस्ताव तैयार कर भेजा है। अब जल्द ही कमीशन 383 पशु चिकित्सकों की भर्ती का विज्ञापन जारी कर सकता है। विभाग आयुक्त पंकज यादव ने पत्र लिखकर एचपीएससी को 383 रिक्त पदों पर जल्द भर्ती कराकर चयनितों की सूची भेजने की सिफारिश की है। पदों पर विभागवार वर्गीकरण भी किया गया है। कुल पदों में 202 पद अनारक्षित रखे गए हैं, जबकि एससी के बैकलॉग के 9 पद समेत 69 पद रिजर्व रहेंगे। बीसी-ए के लिए 29 व बीसी-बी के 46 पदों पर भर्ती होगी। ईडब्ल्यूएस के 37 पद रिजर्व किए हैं। बता दें कि प्रदेश में 2018 के बाद वेटरनेरी डॉक्टरों की भर्ती नहीं हुई है। गत नवंबर में 354 पोस्ट के लिए एचपीएससी ने नोटिफिकेशन जारी किया था, जिसे बाद में रद्द कर दिया गया।